हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

12 15 गांवों और 4 वार्डों को मिला ड्रग मुक्त सम्मान



12 इंडस्ट्रियल प्लास्टिक वेस्ट को आग लगाने से सब परेशान



## 44 वर्षों के बाद कार्य पुन: आरंभ होने से निकलेगा टीलों में दफन राज

# अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल में उत्खनन का कार्य आरंभ

उत्खनन स्थल पर ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान के छात्रों का प्रशिक्षण शिविर भी आरंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल में उत्खनन का कार्य लगभग 44 वर्षों के बाद मंगलवार को पुनः आरंभ हुआ। उत्खनन स्थल पर ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान के 2025 बैच के छात्रों का प्रशिक्षण शिविर भी आरंभ हुआ। मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उत्खनन कार्य का निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल को महान राजा महाराजा अग्रसेन की राजधानी माना जाता है। अग्रोहा शहर तक्षशिला और मथुरा के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित था। इसलिए यह फिरोज शाह तुगलक (1351-88 ई.) के हिसार-ए-फिरोजा (हिसार-1354 ई.) की नई बस्ती के अस्तित्व में आने तक वाणिज्य और राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रहा। साइट से चार इंडो-ग्रीक, एक पंच-मार्क और अग्रोदक के 51 सिक्कों का एक संग्रह मिला था। खुदाई के दौरान अग्रोहा जनपद (गणराज्य) के सिक्कों की खोज और महाभारत सहित प्राचीन साहित्य में इसका प्राचीन नाम अग्रोदक होना इस बात के प्रमाण के लिए पर्याप्त जानकारी है कि यह गणराज्य का मुख्यालय था। इस स्थल की खुदाई 1888-89 में सीजे रोजर्स द्वारा की गई थी और 1938-39 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एचएल श्रीवास्तव द्वारा लगभग 3.65 मीटर की गहराई तक पुनः खुदाई की गई थी। इस स्थल की आगे खुदाई हरियाणा सरकार के पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के पीके शरण और जेएस खत्री द्वारा 1978-84 में की गई थी। इस स्थल पर पुरातात्विक उत्खनन से लगभग चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से 14वीं शताब्दी ईस्वी तक एक किलेबंद बस्ती और निरंतर निवास का पता चला है। बीते युग की पुरावशेषों में सिक्के, टेराकोटा की वस्तुएं, मुहर, सीलिंग, पत्थर की मूर्तियां, खेलने की चीजें, विभिन्न सामग्रियों के आभूषण आदि शामिल हैं।



हिसार। अग्रोहा टीले पर उत्खनन का जायजा लेते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य। फोटो : हरिभूमि



हिसार। पूर्व मंत्री असीम गोयल को स्मृति चिन्ह देते अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री ने किया निरीक्षण

अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल पर उत्खनन का कार्य आरंभ हो गया है। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उत्खनन कार्य का निरीक्षण किया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान के 2025 बैच के छात्रों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दी।

-**बनानी भट्टाचार्य**, उपनिदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग।

## धर्म, समाज और राष्ट्रहित में अग्रवाल समाज का योगदान अनुकरणीय : असीम गोयल

■ पूर्व परिवहन मंत्री गोयल ने अग्रोहा शक्तिपीठ में चार धाम गुफा का किया अनावरण

**अग्रोहा।** धर्म, समाज और राष्ट्रहित में अग्रवाल समाज का अहम योगदान है। यह बात मंगलवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में आयोजित अग्रोहा शक्तिपीठ (अग्र विभूति स्मारक) में चार धाम गुफा के अनावरण में पहुंचे पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कही। बता दें कि अग्रोहा शक्ति पीठ पर एक बहुत ही सुंदर गुफा का निर्माण हुआ है जिसमें चार धाम जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारकापुरी व केदारनाथ धाम के साथ-साथ गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ व लक्ष्मण झूला सहित नौ देवियों के दर्शन होंगे। गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक दिव्य व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने जीवन में दया, करुणा और सेवा के मूल्यों को महत्व दिया। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने टीले की खुदाई शुरू करवाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया और कुछ लंबित मांगों को पूर्व मंत्री के सामने रखा। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री विपिन गोयल छानीवाला एवं मोहित बंसल ने पूर्व मंत्री असीम गोयल का स्वागत किया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रितेश गोयल, नत्थुराम जैन, तरुण जैन, फतेहाबाद जिला अध्यक्ष राजेश गर्ग, दीनदयाल गोरखपुरिया, अर्जुन मित्तल, सतनारायण गोयल, रोहित गुप्ता, मुकेश गोयल, बीनू गर्ग, वेद मंगल, विनोद जांडीवाला, रोहित सिंगला सहित अनेक पदाधिकारी रहे।



हांसी। ट्रक में चूरा पोस्त के साथ साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## तरबूजों भरे ट्रक में 10.146 किलो चूरा पोस्त बरामद

- इंदौर से तरबूज लेकर लुधियाना जा रहा था ट्रक चालक
- पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक अदालत में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

स्पेशल स्टाफ पुलिस ने 10 किलो 146 ग्राम चूरा पोस्त सहित ट्रक चालक पंजाब के संगरुर जिले के गांव हरयाउ निवासी बिन्टू उर्फ बन्टु को गिरफ्तार किया गया है। ट्रक चालक तरबूजों से भरे ट्रक में तिरपाल के नीचे छिपाकर चूरा पोस्त लेकर जा रहा था। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। नशीला पदार्थ कहां से लेकर आया था और इसे आगे किसको सप्लाई करना था के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार हांसी स्पेशल स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि बरवाला रोड़ पर एक ट्रक में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ले जाया जा रहा है।

### चेकिंग के दौरान आया पकड़ में

सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ पुलिस ने भाटला व चैनत गांव के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी के दौरान तरबूजों से भरे एक ट्रक को रुकवाकर उसकी चैकिंग की तो पुलिस को चालक के केबिन से एक संदिग्ध पैकेट बरामद हुआ। इसके बाद तरबूजों से भरे ट्रक को खाली किया गया तो तिरपाल के नीचे 16 पैकेट और बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में ट्रक चालक ने बताया कि वह इंदौर से तरबूज लेकर लुधियाना जा रहा था। जिसके बाद ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तहसीलदार अनिल कुमार के सामने जांच करने पर कट्टों में 10 किलो 146 ग्राम चुरा पोस्त भरा हुआ मिला। पुलिस ने ट्रक से बरामद चूरा पोस्त को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### खबर संक्षेप

#### अलग-अलग मामलों में तीन उद्घघोषित काबू

**हांसी।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन उद्घघोषित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हांसी की रामलाल कॉलोनी निवासी दीपक, गांव राखी शाहपुर निवासी अनिल व उमरा गांव निवासी मुख्तयार के रुप मे हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दीपक, अनिल को अदालत द्वारा चैक बाउंस व मुख्तयार को रोड़ एक्सीडेंट के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

#### राजकीय बहुतकनीकी के 13 छात्र को नौकरी

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग के 13 विद्यार्थियों का चयन डिप्लोमा प्रशिक्षु के तौर पर मादरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड, गुरुग्राम में हुआ है। चयनित में अंजलि, अंकित, अरुण जांगड़ा, जसविंदर कौर, जितिन, मिलन, हिमांशु, हितेश, रितु, सचिन, तरुण, उज्यंत एवं दिव्यांशी शर्मा शामिल हैं।

#### 36 लाख से अधिक वार्षिक वृद्धि से वंचित

**हिसार।** पूर्व वित्त मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संपत सिंह ने कहा कि 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन (वित्तीय सहायता) पाने वाले 36 लाख से अधिक लोगों को 10 वर्षों में पहली बार उनकी राशि में वार्षिक वृद्धि से वंचित किया गया है। सिंह ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में 3,646,742 व्यक्ति पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। इनमें वृद्धावस्था सम्मान पेंशन के लाभार्थी, विधवाएं, निराश्रित महिलाएं एवं बच्चे तथा दिव्यांग व्यक्ति शामिल हैं।

#### मंदबुद्धि महिला को उसके परिवार से मिलवाया

**हिसार।** महिला एवं यूथ उत्पीड़न निवारण मंच द्वारा संचालित हमारा प्रयास मंदबुद्धि महिला अनाथ आश्रम की टीम ने एक मानसिक विक्षिप्त महिला को रेस्कयू कर उसके परिवार को सौंपा। यह महिला मानसिक हालत खराब होने के कारण अपने घर से निकल गई थी और पिछले एक महीने से हिसार रेलवे स्टेशन पर रहकर जीवन यापन कर रही थी।

#### पत्नी की हत्या करने का आरोपी दोषी करार

**हिसार।** अदालत ने मुगलपुरा गांव में पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी पति रामनिवास को दोषी करार दिया है। अदालत उसे 29 मार्च को सजा सुनाएगी। दोषी ने अपनी बेटी पिंकी और बेटे अशोक पर भी जान से मारने की नियत से फायर किया था। मगर गोली दीवार में जाकर लगी थी। पुलिस ने मृतका की बेटी पिंकी की शिकायत पर 10 जुलाई 2023 को किया था नामजद।

### पति पर लगाए गंभीर आरोप

## दीपक हुड्डा के साथ मारपीट पर स्वीटी बुरा ने दी सफाई

- हुड्डा पर हमले के वायरल वीडियो पर बूरा ने दी सफाई
- वीडियो के शुरू और आखिरी का हिस्सा गायब : बूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व वर्ल्ड चैंपियन इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा व उनके पति एवं भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा के बीच विवाद गहराता जा रहा है। महिला पुलिस थाना में दीपक हुड्डा के साथ मारपीट के वायरल वीडियो पर स्वीटी बूरा ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर सफाई देते हुए कहा कि मुझे जानबूझकर हिंसात्मक दिखाया जा रहा है, जबकि दीपक हुड्डा ही मुझसे मारपीट करते थे। दीपक ने ही मुझे वीडियो दिखाने के लिए बुलाया था।

वीडियो के शुरू और आखिरी का हिस्सा गायब है, जिसमें दीपक मुझे अपशब्द कह रहे हैं। बाद में मुझे पैनिक अटैक भी आया, लेकिन वह हिस्सा गायब कर दिया गया है। स्वीटी बूरा ने आरोप लगाया कि थाने का वीडियो सार्वजनिक होने का मतलब यह है कि इस केस में दीपक के साथ हिसार एसपी मिले हुए हैं। स्वीटी ने कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि मेरे पिता और मामा का कोई रोल नहीं था। उलटा मामा तो मुझे रोकने आए थे, फिर उनके खिलाफ केस क्यों दर्ज किया गया। बता दें कि सोमवार को महिला पुलिस थाना का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें स्वीटी बूरा चिल्लाते हुए दीपक हुड्डा पर हमला करती दिखाई देती है।

## स्वयंसेवक अनुशासन व निस्वार्थ सेवा कर बने दूसरों के लिए रोल मॉडल : वाइस चांसलर

- हकृवि में एनएसएस शिविर के पांचवे दिन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के पांचवें दिन कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि एवं शेर ए कश्मीर कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवाओं में व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण करके राष्ट्र को मजबूती प्रदान कर सकते हैं। स्वयंसेवक अनुशासन, ईमानदारी व निस्वार्थ सेवा कर दूसरों के लिए रोल मॉडल बनें। शेर ए कश्मीर कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए मोटिवेशन कम्युनिकेशन स्किल तथा एटीट्यूड होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि डर और भय डिसीजन मेकिंग को खत्म कर देता है। इसलिए युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस शिविर में देश के विभिन्न 13 राज्यों के 200 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज मुख्य अतिथि एवं शेर ए कश्मीर कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी शर्मा मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में आए हुए सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन छात्र नमन कौशिक ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, डॉ. चन्द्रशेखर डागर आदि उपस्थित रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ स्वयंसेवक व अधिकारीगण।

## पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**हिसार।** सेक्टर-14 की झुग्गियों में रहने वाली तथा शहर के सेक्टर-14 में घरों में साफ-सफाई इत्यादि का काम करने वाली अनुसूचित जाति की महिला रेखा के साथ पुलिस द्वारा की गई ज्यादतियों पर जय भीम आर्मी ने कड़ा रोष जताया। जय भीम आर्मी की ओर से चेयरमैन संजय चौहान व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप भानखड़ बताया कि महिला रेखा पर सेक्टर-14 के एक कोठी में रहने वाले लोगों ने पैसे चोरी का आरोप लगाते हुए सेक्टर-14 स्थित महिला की झुग्गियों में जांच की।

महिला रेखा ने बार-बार पुलिस से गुहार लगाई कि उसने कोई पैसे नहीं चुराए और उसकी झुग्गी में पुलिस वालों को कुछ नहीं मिला। इसके बाद पुलिस वाले महिला को थाने लेकर गए जहां उसके साथ मारपीट की गई व टॉर्चर किया गया। उसके बाद सीआईए व सिटी थाना में महिला को थर्ड डिग्री टॉर्चर किया गया।

## युवाओं को शहीदों से प्रेरणा लेकर देश हित में कार्य करने चाहिए : डॉ. शर्मा



हिसार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुकलान में आयोजित जिलास्तरीय सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर में युवा मामले एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ युवा अधिकारी मनोज कुमार, देशराज तथा राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने शिविर में आयोजित गतिविधियों का निरीक्षण कर स्वयंसेवकों से संवाद किया। डॉ. दिनेश शर्मा ने एनएसएस को संस्कृति सद्भाव का संरक्षक, समाज विकास की पाठशाला, नेतृत्व सिखाने का अवसर,स्टार्टअप जैसी योजना से रोजगार प्राप्ति का माध्यम बताया। उन्होंने युवाओं को क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेकर देश हित कार्य करने का संदेश दिया। विद्यालय प्रांगण में सभी अधिकारियों ने पौधारोपण किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को सम्मानित किया। जिला संयोजक व विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र दुहन ने शिविर में आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या में स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटिका तथा देशभक्ति व लोकगीतों की प्रस्तुति दी। शिविर में मंच संचालन अशोक वशिष्ठ ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश, रामकिशन,संदीप, शैलेंद्र, राजकुमार, पूजा शर्मा, निर्मल आदि उपस्थित रहे।

### विकास | 18 करोड़ 76 लाख रुपये की राशि खर्च होगी : विधायक

## हांसी में 50 किलोमीटर लंबी जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ

- परियोजना के तहत शहर के सभी 13 बूस्टिंग स्टेशनों का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए मंगलवार को 50 किलोमीटर लंबाई की जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। जलापूर्ति योजना पर करीब 18 करोड़ 76 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके साथ करीब 24 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों के निर्माण कार्य का विधायक विनोद भ्याना ने नारियल तोड़कर शुभारंभ किया।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि शहर के हर घर को नल से पर्याप्त जल उपलब्ध करवाने के लिए 130 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने की आवश्यकता थी। इस जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण होते ही शहर में ऐसी कोई गली नहीं बचेगी, जहां से पानी की पाइप लाइन नहीं गुजर रही हो। इस जल आपूर्ति लाइन में डीआई पाइप का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विकास परियोजना पर 18 करोड़ 76 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। विधायक ने कहा कि शहर में जलापूर्ति को लेकर दो जल घरों के साथ 13 बूस्टिंग स्टेशन स्थापित हैं। इन सभी बूस्टिंग स्टेशनों का जीर्णोद्धार भी इसी विकास परियोजना के तहत करवाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, भाजपा अटल मंडल अध्यक्ष श्याम खाण्डा, पार्षद मीनू मुआल, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश टुटेजा, पार्षद दीपक मुंजाल, मुकेश बंसल, नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी व जेई विक्रम सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



हांसी। जलापूर्ति पाइप लाइन डालने के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

## अवैध निर्माण पर कार्रवाई से गांव में रहा गहमा-गहमी को माहौल

- रामपुरा गांव में जलघर के निर्माण के लिए प्रशासन ने जेसीबी की मदद से पंचायती जमीन से हटाए अवैध कब्जे

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामपुरा गांव में जलघर के निर्माण को लेकर प्रशासन ने करीब साढ़े 6 एकड़ पंचायती जमीन पर लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से हटा दिया। कब्जा कार्रवाई के दौरान ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने पूर्ण सहयोग किया। हालांकि की कब्जा कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना या स्थिति से निपटने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी संख्या पुलिस बल तैनात किया गया था। सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र के अनुसार कुछ लोगों ने स्वयं ही कब्जे हटा लिए। लेकिन जिन्होंने मकान बना रखे थे, उनके मकान जेसीबी से गिराए गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण इस जमीन को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को सौंपकर गांव में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए जलघर बनवाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गांव में पीने के पानी की भारी किल्लत को देखते हुए जलघर के निर्माण की काफी जरूरत महसूस की जा रही थी। कब्जा कार्रवाई के दौरान प्रशासन द्वारा एक मकान को नहीं गिराए जाने ग्रामीण रामप्रताप ने असंतोष जताया। उनका कहना था कि पंचायती जमीन बने एक मकान को बिना किसी स्टे या प्रशासनिक आदेश के भी नहीं तोड़ा गया। इस पर पंचायत अफसर नवीन मलिक ने स्पष्ट किया कि इस मकान को एसडीएम के आदेश के कारण नहीं तोड़ा गया।



हांसी। पंचायती जमीन पर किए गए अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन



# ‘फुले’ में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म ‘फुले’का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म ‘फुले’ में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

## लाइफ Style


# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी ‘सिकंदर’

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ ‘एनिमल’ और अल्लू अर्जुन के साथ ‘पुष्पा 2 द रूल’ शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म ‘सिकंदर’ में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।



## हॉलीवुड मसाला




# ‘द डोनट ब्रदर्स’ पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को ‘गो’ कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, ‘मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई ‘नो अदर लैंड’

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री ‘नो अदर लैंड’ के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। ‘नो अदर लैंड’ का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में ‘रंगभेद की स्थिति’ की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। ‘नो अदर लैंड’ में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# ‘छोरी-2’ में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म ‘छोरी’ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी ‘छोरी 2’ भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। ‘छोरी 2’ के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म ‘छोरी 2’ के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, ‘एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ’। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# ‘रेड-2’ से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म ‘रेड 2’ की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म ‘रेड 2’ से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ‘कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई’। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, ‘रेड 2’ आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

## टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म ‘एनिमल’ से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज ‘आश्रम’ ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, ‘हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।’ उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह ‘जपनाम’ कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, ‘एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम’ ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी ‘जपनाम’ कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

## अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।



# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें ‘लंदन ठुमकदा’, ‘कर गई चुल’, ‘काला चश्मा’, और ‘आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*



# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2 :** 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म ‘रेड’1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब ‘रेड’ के लगभग 7 साल बाद मेकर्स ‘रेड 2’ लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। ‘रेड 2’ 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5 :** साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी ‘हाउसफुल 5’ इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।



**वॉर 2 :** यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी ‘वॉर 2’ इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर ‘वॉर’ की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2 :** अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म ‘दे दे प्यार दे’साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग ‘दे दे प्यार दे 2’ इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। ‘दे दे प्यार दे 2’ में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

## शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थीं। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



### डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म ‘सनम बेवफा’ और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

### ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

## खबर संक्षेप

### भिवानी में पहली बार भक्तमाल कथा 29 से

**हिसार।** पिछले माह हिसार में हुई श्रीभक्तमाल कथा के बाद अब भिवानी (छोटी काशी) में 29 मार्च से कथा व्यास गौरदास महाराज (श्री वृंदावन धाम) के सान्निध्य में पहली बार श्रीभक्तमाल कथा का आयोजन किया जाएगा। सेवादार पवन बंसल (वीरचंद्र दास) ने बताया कि श्रीरामकुंज सत्संग धाम, हांसी गेट भिवानी में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक दोपहर बाद 3 बजे से सायं 6 बजे तक कथा की जाएगी। भिवानी में पहली बार होने वाली इस कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है।

### ब्रह्माकुमारी सुख शांति भवन का उद्घाटन आज

**मंडी आदमपुर।** मॉडल टाउन में नवनिर्मित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विद्यालय के सुख शांति भवन का उद्घाटन एवं प्रभु समर्पण समारोह 26 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आनंद मोहन इलाहाबादी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की सदस्य ज्योति बैदा, समाजसेवी हरि निवास जांदू, प्रदीप बैनीवाल, घीसाराम जैन, तरसेम गोयल, सतीश मित्तल, राजकुमार इलाहाबादी, जगतपाल अग्रवाल, सुभाष गोयल, शेर सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके अलावा गो कथा वाचक सत्य देवानंद तथा ब्रह्मकुमारी विद्यालय के कई पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

### धर्म के नाम पर बांटने की भाजपा की पुरानी नीति

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने आरोप लगाया कि कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने की भाजपा की नीति रही है। इसी नीति को सुदृढ़ करते हुए मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस पर आधारहीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले पर कांग्रेस के समस्त केंद्रीय वरिष्ठ नेताओं ने कड़ा संज्ञान लिया है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि कांग्रेस की कर्नाटक सरकार द्वारा सार्वजनिक ठेकों में आरक्षण के विधेयक के संदर्भ में भाजपा ने हंगामा खड़ा कर दिया है। कांग्रेस का मकसद केवल इतना है कि हर नागरिक को समान अधिकार मिलें और उन्हें समान रूप से आगे बढ़ने के अवसर मिले।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने लगाया ओटीएस शिविर

**हिसार।** सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ने नारनौंद, नरवाना और उकलाना में एकमुश्त निपटान (ओटीएस) शिविर का आयोजन किया। इस शिविर की अध्यक्षता बैंक के महाप्रबंधक ने की, उनके साथ हिसार क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक भी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने उधारकर्ताओं जिनके खाते डिफॉल्ट हो गए हैं, वे बैंक की विशेष ओटीएस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## गुजवि के एचएसबी में अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मॉडल पर प्रदर्शनी का आयोजन

# विद्यार्थियों ने वैश्विक व्यावसायिक नवाचारों का किया उमदा प्रदर्शन

■ सुंदर मॉडल देखकर छात्रों में किया उत्साह का संचार



**हिसार।** गुजवि में प्रदर्शनी में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल्स का अवलोकन करते मुख्यातिथि प्रो. योगेश चाबा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) द्वारा अपनी बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय बिजनेस मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी से विद्यार्थियों को अपनी नवाचारपूर्ण व्यावसायिक रणनीतियों एवं उद्यमशीलता कौशल प्रस्तुत करने के लिए एक प्रभावी मंच प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी में 200 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विविध नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा ने विद्यार्थियों की असाधारण रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक कौशल और रणनीतिक सोच की सराहना की। उन्होंने वैश्विक व्यापार ज्ञान के बढ़ते महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी वैश्वीकरण के इस दौर में विद्यार्थियों के लिए एक आवश्यक मंच प्रदान करती है। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत अंतरराष्ट्रीय व्यापार और व्यावसायिक गतिशीलता पर आधारित शोधपरक और प्रशंसा की। एचएसबी के डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल ने विद्यार्थियों की समर्पण भावना और नवाचारशील सोच की सराहना की। इस मौके पर एचएसबी के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई , डॉ. अंजलि गुप्ता, जूरी सदस्य प्रो. टीका राम, प्रो. प्रदीप कुमार गुप्ता और प्रो. विजेन्द्र पाल सैनी भी उपस्थित रहे।

### खुशी व मनीषा ने पाया प्रथम स्थान

यह आयोजन एक पुरस्कार समारोह के साथ संपन्न हुआ, जिसमें सबसे नवाचारपूर्ण और शोधपरक व्यावसायिक मॉडलों को मान्यता दी गई। पहला स्थान खुशी और मनीषा को उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट 'स्ट्रेट ऑफ मलक्का कार्गो वॉयेज' के लिए प्रदान किया गया, जिसने अंतरराष्ट्रीय व्यापार संचालन में क्रांतिकारी अंतर्दृष्टि प्रस्तुत की। दूसरा स्थान हिमांशु कंसल, पूर्वी गोदारा और प्रिया ने अपने 'डायमंड मॉडल' प्रोजेक्ट से हासिल किया, जिसमें वैश्विक व्यापार चुनौतियों के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत किए गए। तीसरा स्थान नित्या टायल, कुश बंसल और नंदिनी मेहता ने अपने प्रभावशाली प्रोजेक्ट 'ग्रीनहाउस, ऑर्गेनिक और सस्टेनेबल फार्मिंग' के लिए प्राप्त किया, जिसमें व्यापार की स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए दूरदर्शी रणनीतियाँ प्रस्तुत की गईं।

### डॉ. कल्पना को मिला 'वर्ल्ड वाइड बुक रिकॉर्ड' में स्थान



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना शर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध संकलन को 'वर्ल्ड वाइड बुक रिकॉर्ड' में स्थान मिला है। 'सशक्त दिव्यांग' नामक पुस्तक का विमोचन को 'राष्ट्रपति भवन' में किया गया। इस पुस्तक का विमोचन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से हुआ और विमोचन के लिए आए कैबिनेट मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस पुस्तक को संसद के पुस्तकालय भवन में रखा जाएगा। इस पुस्तक में डॉ कल्पना ने डॉ अनिल कुमार का परिचय दिया है जो वर्तमान में तहसीलदार के पद पर कार्यरत हैं। इस शोध संकलन में अपने शोध लेख के लिए स्थान पाने वाले देश-विदेश के 71 प्रतिभागियों में डॉ. कल्पना भी शामिल है। इसके लिए डॉ. कल्पना को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड सम्मान पत्र भी दिया गया। इस सम्मान के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई और कुलसचिव डॉ.विजय कुमार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एन. के बिश्नोई सहित विभाग की शिक्षिकाओं डॉ. गीतू धवन, डॉ. अंजू गुप्ता व डॉ. शर्मीला ने भी डॉ कल्पना शर्मा को बधाई दी।



**हिसार ।** औद्योगिक भ्रमण करते दयानंद कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डीएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ विद्यार्थियों को असेंबली लाइन में ले जाया गया जहां उन्होंने उद्योगों की बारीकियां सीखी

दयानंद महाविद्यालय में आज अर्थशास्त्र व मैनेजमैंट विभाग की इंचार्ज सुरूची शर्मा के नेतृत्व में विभाग के विद्यार्थियों की ओर से वेलवोल्ट स्टेबलाइजर का औद्योगिक भ्रमण किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए समृद्ध अनुभव है। जिन्होंने विनिर्माण प्रक्रिया और उत्पादन में उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों का एक व्यावहारिक अवलोकन प्रदान किया। विद्यार्थियों को असेंबली लाइन में ले जाया गया, जहां उन्होंने वेलवोल्ट स्टेबलाइजर के निर्माण का अवलोकन किया।

गुणवत्ता मानकों को विस्तार से समझाया गया, जिससे विद्यार्थियों को उद्योग के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिली। इसके अतिरिक्त, मार्केटिंग और बिक्री प्रबंधक ने कंपनी की मार्केटिंग रणनीतियों, जिसमें बिक्री के तरीके, मूल्य निर्धारण तंत्र, प्रतिस्पर्धा शामिल है, के बारे में विस्तार से बताया। सहयोगी स्टाफ और सुव्यवस्थित यात्रा ने अनुभव को अत्यधिक जानकारीपूर्ण और समृद्ध बनाया। दोनों विभागों की इंचार्ज सुरूचि शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों ने बुनियादी ढांचे, प्रसंस्करण इकाई और कारखाने के संचालन की बहुत सराहना की, जिससे उन्हें आधुनिक औद्योगिक प्रथाओं के बारे में मूल्यवान जानकारी मिली। इस अवसर पर प्रो. सीमा, अनीता, बबीता, रितु, दीपक आदि मौजूद रहे।

## पौत्र के जन्म पर किया दशौठन का आयोजन

■ दशौठन में दसों दिशाओं की सभी खापों को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



**हांसी।** राष्ट्रीय अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति कोषाध्यक्ष बीर सिंह यादव को नेग के रुपये सौंपते राव सतबीर सिंह फोटो : हरिभूमि

घुम्मनहेड़ा, सुरहेड़ा गांव में रविवार को राव सतबीर सिंह ने अपने पौत्र के जन्म पर दशौठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दसों दिशाओं की सभी खापों को निमंत्रण दिया गया और कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी खाप पदाधिकारियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया और इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया। कार्यक्रम में अहीरवाल के विभिन्न ठिकाणों की सरदारी और अहीर खांडा की खापों ने भी इसमें शिरकत की। सबसे पहले अहीर खांडा की अहीरवाल की खापों, राष्ट्रीय अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति व रेजांगला पलटन की तरफ से नेग पोतड़ा की रस्म अदा की गई। राव सतवीर सिंह ने दसों दिशाओं की सर्व जातीय खापों के समक्ष अहीर रेजिमेंट के लिए समर्थन के लिए आह्वान किया जिस पर वहां मौजूद खापों के प्रधान व पदाधिकारियों ने इस मुद्दे का समर्थन दिया। इस अवसर राव सतवीर सिंह ने अहीर रेजिमेंट का 21000 का नेग भी निकाला गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद योगानंद शास्त्री ने स्वतंत्रता संग्राम व आजादी के बाद देश की रक्षा में अहीरों सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया। इस सर्व खाप पंचायत में अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति के प्रधान राव लक्ष्मी नारायण मिलकपुर, टोंडक खाप के अध्यक्ष सूबेदार राव उदयवीर सिंह व कप्तान राव ओम प्रकाश, कर्नल जीआर यादव, डॉ. यतींद्र सिंह, अहीर रेजिमेंट संघर्ष समिति हरियाणा अध्यक्ष राव कृष्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

## जल संरक्षण का संदेश देती कलाकृति को सीएम ने सराहा

मूर्तिकला पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** कलाकृति की जानकारी लेते सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय जल शक्ति दिवस पर हुई राष्ट्र स्तरीय मूर्तिकला कार्यशाला में रावलवास खुर्द गांव के मूर्तिकार कमलजीत की जल संरक्षण के संदेश को सार्थक करती कलाकृति को सराहना मिली। कमलजीत हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में मूर्तिकला विषय में पीएचडी कर रहे हैं। कार्यशाला का आयोजन सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्रालय, हरियाणा और आर्ट एंड कल्चर विभाग, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें देशभर से 16 चयनित मूर्तिकारों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रावलवास खुर्द गांव के कमलजीत ने राजस्थान के काले संगमरमर से 5 फीट ऊंची एक प्रभावशाली मूर्ति तराशी, जो जल संरक्षण का सार्थक संदेश देती है। उनकी कलाकृति में बादल, रेत घड़ी और हाथों से पानी बचाने का दृश्य उकेरा गया, जो जल संकट की गंभीरता और उसके समाधान की ओर संकेत करता है।



**हिसार ।** यज्ञ में आहुति डालते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व अन्य।

### पद्मश्री डॉ. सूरी का जन्मदिन मनाया

**हिसार।** पद्म श्री, आर्य रत्न, प्रधान डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति नई दिल्ली डॉ. पूनम सूरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दयानंद महाविद्यालय में वैदिक रीति के साथ यज्ञ किया गया। डॉ. पूनम सूरी आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा के प्रधान है जिनके नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर अनेक परियोजनाएं व प्रभावी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। साहित्य और शिक्षा के प्रतिष्ठित क्षेत्र में उनका अतुलनीय योगदान है और वे समस्त नागरिकों के लिए प्रेरणा स्रोत है। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने डॉ पूनम सूरी के जन्मदिवस पर बधाई संदेश व उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में डीएवी संस्था नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस मौके पर आचार्य सत्यकाम, सुनीता, इंदु शर्मा, डॉ चंद्र प्रकाश ने यज्ञ में आहुति अर्पण की।

## जाट कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार ।** सेमिनार में उपस्थित अतिथिगण व विद्यार्थी।

छाजूराम मैमोरियल जाट महाविद्यालय में भूगोल विभाग की वसुंधरा भूगोल परिषद के सौजन्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ़ जिओइन्फॉर्मेटिक्स की सहभागिता से हुआ। भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्राध्यापिका हर्षलेखा ने बताया कि सेमिनार में स्काईलाइन इंस्टिट्यूट ऑफ़ जिओइनफॉर्मेटिक्स से अजय पुनिया तथा संजौली मल्होत्रा ने विशेषज्ञों की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों को रिमोट सेंसिंग तकनीक, जीपीएस, जिओइनफॉर्मेटिक्स से जुड़े मोबाइल एप तथा सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। सेमिनार में भूगोल विषय के लगभग 125 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## प्रवीण पोपली ने ली मेयर की शपथ, आज संभालेंगे पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



■ शपथ ग्रहण करते मेयर प्रवीण पोपली।

पंचकूला के इंद्रधनूष ओडिटोरियम में आयोजित राज्यस्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में हिसार के नवनिर्वाचित मेयर प्रवीण पोपली ने शपथ ली। उनके साथ नवनिर्वाचित सभी पार्षदों ने भी शपथ ली। यहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की मौजूदगी में सभी नव निर्वाचित महापौर, चेयरमैन व पार्षदों को मण्डल अध्यक्षों के द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद हिसार के मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हिसारवासियों ने जो मुझे आशीर्वाद दिया हैं उसके लिए मैं सदा उनका आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों के साथ मिलकर हिसार को आदर्श शहर बनाएंगे।

## डॉ. गोयल राष्ट्रीय व राजेन्द्र सपड़ा बने अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष

■ सेवा संघ की नई कार्यकारिणी का गठन, एक अप्रैल से कार्यभार संभालेगी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** डॉ. इंद्र गोयल को राष्ट्रीय व राजेन्द्र सपड़ा को प्रांतीय अध्यक्ष

अखिल भारतीय सेवा संघ नए सत्र के लिए चुनाव हो गया है। चुनी गई नई टीम एक अप्रैल से अपना कार्यभार संभालेगी। यहां हुए अखिल भारतीय सेवा संघ के प्रांतीय अधिवेशन, सेवा शपथ ग्रहण समारोह एवं परिवार मिलन समारोह के अवसर पर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। संघ की राष्ट्रीय टीम में डॉ. योगेश बिदानी को राष्ट्रीय संरक्षक, डॉ. इंद्र गोयल को अध्यक्ष, विनोद धवन को महासचिव व प्रमोद सचदेवा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसी तरह प्रांतीय टीम में महेन्द्र सेतिया को संरक्षक, राजेन्द्र सपड़ा को अध्यक्ष, एडवोकेट मुकेश वर्मा को महासचिव व रामचन्द्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. योगेश बिदानी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे अब और अधिक मेहनत से सेवा कार्य चलाएं। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इन्द्र गोयल व प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र सपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि अखिल भारतीय सेवा संगठन ऐसा संगठन है, जिसके माध्यम से सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। केवल हमारे संगठन के पदाधिकारी या सदस्य ही नहीं बल्कि अन्य नागरिक भी सेवा कार्यों से जुड़ रहे हैं।

## क्रोध है आत्मा का सबसे बड़ा शत्रु : उपेंद्र मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**उकलाना।** धर्म सभा को संबोधित करते जैन संत उपेंद्र मुनि महाराज।

गांव लितानी के जैन स्थानक में आयोजित धर्म सभा में जैन संत उपेंद्र मुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए क्रोध को मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बताया। उन्होंने कहा कि इस संसार में दो प्रकार के रास्त्र (शत्रु) हैं- द्रव्य और भाव। जहां तलवार, बंदूक जैसे द्रव्य रास्त्र शरीर और प्राणों का हनन करते हैं, वहीं क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे भाव रास्त्र आत्मिक गुणों को नष्ट करते हैं, जिससे व्यक्ति का भव-भ्रमण बढ़ता है।

## छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

■ उकडू चाल में करिश्मा व रो जंपिंग में आशा ने मारी बाजी

छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय में खेल दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने खेलों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मंच संचालन छात्र शिवा व सौरभ ने बखूबी किया इस अवसर पर लड़कों व लड़कियों के लिए 11 प्रतियोगिताएं करवाई गई। टग ऑफ द वॉर में बीरबल, सुमित, कपिल, विकास, राहुल, अमित व प्रदीप ने बाजी मारी। डोंकी रेस में तरुण व अनिल प्रथम, रविंद्र व प्रदीप द्वितीय, बीरबल व नवीन तृतीय रहे। थ्री लैग रेस में महक-मोनिका प्रथम, मनीषा -प्रीति द्वितीय, पूजा -रूपाली तृतीय स्थान पर रहीं। रोप जंपिंग में आशा , अंकिता, करिश्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। उकडू चाल में करिश्मा, ममता, ज्योति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रोलिंग रेस में रविंद्र- प्रदीप प्रथम, कपिल- बीरबल द्वितीय, राहुल- वीर सिंह तृतीय व करिश्मा- ममता को सांत्वना पुरस्कार मिला। ब्रिक रेस में रविंद्र, कपिल, वीर सिंह प्रथम, द्वितीय, तृतीय रहे।

**दी जानकारी** — हकृवि में 'अश्वगंधा की खेती, संरक्षण एवं उपयोग' पर कार्यशाला आयोजित

# किसानों के लिए अश्वगंधा की खेती एक फायदेमंद विकल्प बनी : प्रो. काम्बोज

औषधीय पौधों की खेती के लिए किसानों को जागरूक करें वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार :** कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में अश्वगंधा दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के औषधीय, सुगंधित एवं क्षमतावान फसल अनुभाग द्वारा 'अश्वगंधा की खेती, संरक्षण एवं उपयोग' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि औषधीय पौधों की खेती की और बढ़ते रुझान के दृष्टिगत किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ प्रशिक्षण देने की भी जरूरत है। औषधीय फसलों की बढ़ती मांग को देखते हुए किसानों के लिए अश्वगंधा की खेती एक फायदेमंद विकल्प बनती जा रही है। अश्वगंधा को बहुत कम पौषक तत्वों की जरूरत होती है। कम पानी, कम लागत और बेहतर बाजार मूल्य के कारण यह फसल किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकती है। उन्होंने बताया कि किसान परंपरागत फसलों के स्थान पर औषधीय पौधों की खेती करके अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों और विद्यार्थियों को अश्वगंधा के पौधे देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि अश्वगंधा की खेती के लिए हल्की दोमट एवं बलुई मिट्टी लाभदायक होती है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अश्वगंधा को लेकर किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम में आए हुए सभी का धन्यवाद किया। डॉ. भूपेन्द्र ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा, आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन विभाग के अध्यक्ष डॉ. जीएस दहिया, औषधीय, सुगंधित एवं क्षमतावान फसल अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश आर्य आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पिता के दोस्त पर बच्ची से अश्लील हरकत का आरोप

**हिसार**। जिले के एक कस्बे की 11 वर्षीय छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। आरोप बच्ची के पिता के दोस्त पर लगा। आरोपी ने मासूस बच्ची से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल महिला थाना पुलिस ने गांव बगला गांव के रविंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तोल समेत व्यक्ति गिरफ्तार

**हिसार**। मंगाली चौकी पुलिस ने गांव मंगाली मोहब्बत के खेतों से एक व्यक्ति को काबू कर अवैध पिस्तोल बरामद किया है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव मंगाली मोहब्बत के खेतों से एक व्यक्ति को काबू किया। पूछने पर उसने अपना नाम गांव मंगाली मोहब्बत निवासी सुनील कुमार उर्फ मोडिया बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ।

### गुजवि में पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**हिसार**। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस विभाग द्वारा 'डेटा एनालिटिक्स विद पायथन : अनलॉकिंग द पावर ऑफ डेटा' पर चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हो गई है। कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा समापन समारोह के मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने की।

### कलेक्टर रेट बढ़ाए जाने का किया विरोध

**उकलाना**। राजस्व विभाग द्वारा कलेक्टर रेट बढ़ाए जाने का विरोध विभिन्न संगठनों द्वारा नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा को ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज करवाई। प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान रामस्वरूप चौहान ने सरकार से मांग की कि 3 महीने में दूसरी बार रेट न बढ़ाए जाए। प्रॉपर्टी डॉलर जगदीश कुंडू ने कहा कि अगर लड़ाई लड़नी पड़ी तो संघर्ष भी करेंगे। किसान वर्ग से अधिवक्ता व्यापारी आदि संगठनों ने कलेक्टर रेट बढ़ाने का विरोध दर्ज करवाया।

गांव खरक पूनिया में कार्यक्रम का आयोजन

# 15 गांवों और 4 वार्डों को मिला ड्रग मुक्त सम्मान

कार्यक्रम में नशे के खिलाफ लगभग 25 गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्य एकजुट हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के गांव खरक पूनिया में ड्रग्स के खिलाफ एकजुटता व ड्रग मुक्त समाज के मध्यनजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित इस कार्यक्रम मे एडीजीपी हिसार मंडल डॉ. एम. रवि किरण मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे। कार्यक्रम में लगभग 25 गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्यों समेत गणमान्य व्यक्तियों लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बहबलपुर, किरतान, जुगलान, खानपुर, ढाणी खान बहादुर, ढाणी मिरदाद, गांव खरक पूनिया, पंघाल, बाडोपट्टी, सिंधड़, ब्यानाखेड़ा, ढांड, ज्ञानपुरा, ढाणी गारण, छान व बरवाला कस्बे के वार्ड 2, 3, 10 व 11 को ड्रग मुक्त गांव व वार्ड का अवार्ड दिया।



हिसार। ड्रग मुक्त गांवों के सरपंचों को सम्मानित करते एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण व हिसार एसपी शशांक कुमार सावन।

#### ड्रग डिमांड को नियंत्रित करने के लिए छह जिलों में प्रयास

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि हिसार मंडल में ड्रग की डिमांड को नियंत्रित करने के लिए मंडल के सभी छह जिलों में प्रयास किया जा रहा है। पुलिस टीमें ड्रग से प्रभावित गांवों में डोर टू डोर सर्वे कर ड्रग से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करती है। पीडितों की काउंसलिंग करवाई जाती हैं व उन्हें इलाज के लिए प्रेरित कर नशे से छुटकारा दिलवाने के लिए उपचार करवाया जा रहा है। पुलिस टीमों द्वारा जिला हिसार के 174 गांवों में सर्वे किया गया है जिनमें से 101 गांव व 4 वार्डों को ड्रग मुक्त घोषित किया जा चुका है। सर्वे के दौरान टीमों ने 1800 व्यक्तियों की पहचान की है जो ड्रग की लत की गिरफ्त में हैं। चिन्हित किए गए ड्रग पीडितों में से 1706 की काउंसलिंग की गई है व 701 ड्रग पीडितों का उपचार शुरू करवाया गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन सरपंचों ने स्वागत किया। कार्यक्रम के संयोजक वजीर सिंह पूनिया, पंचग्रामी प्रधान राजेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि खरक पूनिया नफे सिंह, व आजाद सिंह दूहन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को जागरूक किया

- विश्व ट्यूबरक्लोसिस दिवस और जल दिवस विश्व पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। स्मृति चिन्ह देते ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के अधिकारी।

विश्व जल दिवस और विश्व ट्यूबरक्लोसिस दिवस के अवसर पर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के चांसलर डा पुनीत गोयल और प्रो चांसलर पूनम गोयल के नेतृत्व में हुआ। विश्व जल दिवस के प्रतिष्ठित वक्ता एचएयू के वैज्ञानिक डॉ. बलजीत सहारण व विश्व ट्यूबरक्लोसिस दिवस के प्रतिष्ठित वक्ता सर्वेश हेल्थ सिटी के डॉ कुणाल कुमार रहे। इन्होंने अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों को विश्वव्यापी जल और टीबी संबधित समस्याओं से अवगत करवाया एवं जागरूक किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एन पी कौशिक व प्रति कुलपति डा राजेंद्र सिंह छिल्लर ने आए हुए वक्ता का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को इन दिवसों के महत्व के बारे में बताया। व्याख्यान के दौरान कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पवित्रा, स्वास्थ्य विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुनैना, फार्मास्यूटिकल विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ हितेश और आत्म इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट डॉ दीपा खन्ना के साथ विधार्थी भी उपस्थित रहे।

## सैशन जज से मुलाकात, नारनौंद उपमंडल में न्यायालय खोला जाए

- सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सक्रिय

**नारनौंद**। जिले के नारनौंद उपमंडल में न्यायालय खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सक्रिय हो गया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मास्टर ऋषिकांत व राममेहर पंच के नेतृत्व में हिसार के सैशन जज से मुलाकात की और उनके माध्यम से मुख्य न्यायधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायलय के नाम एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि 2016 में नारनौंद को उपमंडल का दर्जा मिलने के बावजूद यहां अब तक न्यायालय नहीं खोला गया है। वर्तमान में क्षेत्र के 59 गांवों के निवासियों को न्यायिक कार्यों के लिए हांसी जाना पड़ता है। जोकि लगभग 50 किलोमीटर दूर है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। ज्ञापन में तर्क दिया गया है कि नारनौंद में तहसील, डीएसपी व उपमंडल स्तर की कई प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसलिए कम से कम दो न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति आवश्यक है।

## स्थानीय निकाय बन गए भ्रष्टाचार के अड्डे : सिहाग

**हिसार**। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने कहा है कि हरियाणा की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार का दावा है कि उसने भ्रष्टाचार पर काबू पाया है जबकि हालात इसके उलट है, भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ रहा है। स्थानीय निकाय तो भ्रष्टाचार के अड्डे बन चुके है जहां पर एक भी काम ऐसा नहीं है जो बिना भ्रष्टाचार के हो जाए। यही कारण है कि प्रदेश के 62 निकायों में करीब 1400 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है।

## एसबीएस स्कूल की छात्रा ने पाया पहला स्थान



नारनौंद। एनएसएस कैंप में छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि।

**नारनौंद**। सात दिवसीय जिला स्तरीय एनएसएस शिविर का आयोजन गांव मुकलान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ सुनील चहल ने बताया कि एसबीएस स्कूल माढ़ा से रिया, तानिया, सुनैना, मुस्कान सहित चार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें एसबीएस स्कूल की तानिया ने ड्राइग प्रतियोगिता में पहला स्थान, सुनैना ने राइटिंग में पहला स्थान तथा रिया ने डायरी मैकिंग में तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल की एनएसएस मुख्या पूजा शर्मा, नीतू, विकास, विजय, बलजीत, रेखा, मंजू मौजूद रहे।

## कॉलेज के एनएसएस कैंप में अंतिम दिन लगाया रक्तदान शिविर

- राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चौपटा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का अंतिम दिन रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर रक्तदान किया।

कॉलेज के मनजीत दुहन ने 17वीं बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मैं कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार ने शरकत की। रेडक्रॉस हिसार से एसिस्टेंट धर्मेन्द्र शर्मा व अग्रोहा मेडिकल से पहुंचे डॉ अन्नु की टीम ने रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य अनिल कुमार ने शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को निष्ठा और लग्न के लिए सम्मानित किया। अनुशासन में महक ने प्रथम, विकास ने दूसरा और अंशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दीक्षा बेस्ट कैम्पर, पूनम बैस्ट लिडर व कीमती बैस्ट मैनेजर रही। इस अवसर पर धर्मसिंह, मुथरा सिंह, रामनिवास, अनिल, दिनेश, बहादुर, कृष्ण, मुनीष व अन्य उपस्थित रहे।



नारनौंद। कॉलेज में छात्रों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## रासायनिक खादों के प्रयोग से उर्वरा शक्ति घटी

- बच्चों को दी जैविक खाद और जल संरक्षण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

न्योली खुर्द गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा विभाग के निर्देशन में मेंटरिंग ऑफ स्कूल बाय हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से एनवायरमेंटल साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मिकेलेश बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को जैविक खाद और वर्षा जल संरक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की। आज के समय में रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग होने से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही है, जिससे फसल उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर डॉ. मिकेलेश ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। इस मौके पर बच्चों में पोस्टर मेकिंग कंपीटीशन तथा क्विज व रोल प्ले आदि गतिविधियां करवाई गई।



हिसार। बच्चों को सम्मानित करते अतिथिगण।

## सीएससी संचालक पकड़ा खातों में करता था धोखाधड़ी

- वकील के साथ 1 करोड़ 33 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला
- संचालक की पहचान कंवारी गांव निवासी अंकुश के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने वयोवृद्ध वकील के साथ 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में सीएससी सेंटर संचालक को गिरफ्तार किया है। सीएससी संचालक की पहचान कंवारी गांव निवासी अंकुश के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह के अनुसार वकील कॉलोनी निवासी वयोवृद्ध एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ हुई 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी हुई मामले में आरोपी अंकुश ने गांव में अपने सीएससी सेंटर पर बैंक के नाम का सब्सक्रिप्शन लिया। उसके बाद लोगों को झांसे में लेकर उनके बैंक फार्मों पर अंगूठे लगवाकर उनके फर्जी खाते खोलकर उनमें धोखाधड़ी के रुपये डलवाए थे। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी अंकुश को गिरफ्तार न्यायालय में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले में साइबर थाना पुलिस 20 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और वयोवृद्ध वकील के साथ हुई धोखाधड़ी मामले में अभी जांच जारी है।



हांसी। लोगों के फर्जी खाते खोलकर उनमें धोखाधड़ी के रुपए जमा करवाने वाला सीएससी सेंटर संचालक पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## यंग राइटर एडिटोरियल और ग्रीन स्कूल प्रोग्राम क्लब का गठन




**नारनौंद**। पीएम श्री विद्यालय में प्राचार्य रवींद्र सिंह की अध्यक्षता में यंग राइटर एडिटोरियल और ग्रीन स्कूल प्रोग्राम क्लब का गठन करते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधि अध्यापकों व विद्यार्थियों द्वारा आयोजित की गई। इसी दौरान ग्रीन स्कूल प्रोग्राम क्लब के अंतर्गत पर्यावरण चेतना, स्वच्छता अभियान, पेड़ पौधों के महत्व पर रैली भी निकाली गई। छात्र छात्राओं ने दिनभर की गतिविधियों में पर्यावरण, विद्यालय वातावरण व घरेलू वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन, स्लोगन लेखन में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. सतीश भोला, प्रवक्ता मनवीर, मिनी, मनजीत लोहान, एबीआरसी राधे, राजेश डीपी व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## भाविप चंद्रशेखर आजाद शाखा के अध्यक्ष बने रोहताश

**हिसार**। भारत विकास परिषद चंद्रशेखर आजाद शाखा का दायित्व चयन कार्यक्रम ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रक्तदान के प्रांतीय संयोजक राकेश शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे तथा शाखा की वरिष्ठ सदस्य डॉ. सत्यपाल शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाखा सचिव बंता सिंह ने एवं महिला संयोजिका रितु ने गत वर्ष के कार्यों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। विक्रम संवत 2082 के लिए अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं महिला प्रमुख के नाम शाखा के सदस्यों ने प्रस्तावित किए तथा अनुमोदन कर सर्वसम्मति से चुनाव कार्य संपन्न हुआ। शाखा अध्यक्ष रोहताश, सचिव बंता सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश शास्त्री तथा महिला प्रमुख रितु जोपिन को चयनित किया गया। इस अवसर पर मास्टर हवा सिंह, हरिकिशन शर्मा, विजय शर्मा, आचार्य पवन वत्स, सुनील दत्त, नरेश शर्मा, आशा शर्मा, धीरज शर्मा, ललित अरोड़ा, रामफल वशिष्ठ, प्रेम शर्मा मौजद रहे।



हिसार। दायित्व चयन कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

## बुधला संत स्थान का वार्षिकोत्सव 27 से

**हिसार**। श्रीहनुमान मंदिर बुधला संत स्थान ऋषि नगर में 27 मार्च से 30 मार्च तक मंदिर का वार्षिकोत्सव व नववर्ष विक्रमी सम्वत्सर पर्व मनाया जाएगा। मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में सभा के महासचिव सुभाष टीनू आहुजा ने बताया कि चार दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग में साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वाले प्रवचन देंगे। पत्रकार वार्ता में मंदिर के सेवादार रवि मेहता एडवोकेट व सुरेन्द्र बजाज बताया कि महोत्सव की शुरूआत पहले दिन सायं 3 बजे श्रीसुन्दरकाण्ड पाठ व सत्संग से की जाएगी। 28 व 29 मार्च को सायं 4 बजे से 7 बजे तक आध्यात्मिक सत्संग एवं भजन संध्या की जाएगी।

## लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटान करने के निर्देश

**हिसार**। जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीटीएम हरिराम ने बैंक अधिकारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटान और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में एलडीएम विनोद कुमार, आरबीआई से मंजीत सिंह, नाबार्ड से रोबिन, सर्कल ऑफिसर महावीर, आरसीटी निदेशक प्रदीप, डीएसपी कमलजीत, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

समस्या | सेक्टर 1-4 वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से लगाई गुहार

प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एडीसी सी. जयाश्रद्धा से मुलाकात की

# इंडस्ट्रियल प्लास्टिक वेस्ट को आग लगाने से सब परेशान, कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 1-4 वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रशासन से प्रस्तावित सेक्टर 25 में हिसार लुधियाना रेलवे ट्रैक व रायपुर रोड की बीच बने गैरकानूनी इंडस्ट्रियल प्लास्टिक वेस्ट के डंपिंग यार्ड बनाने व उसे जलाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को एडीसी सी. जयाश्रद्धा से मुलाकात की और उन्हें गैरकानूनी इंडस्ट्रियल प्लास्टिक वेस्ट को आग लगाने से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों से अवगत करवाया। एडीसी ने इस मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए तुरंत ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया।



हिसार। अवैध डंपिंग यार्ड में कचरे की ढेर से उठाती आग की लपेटे।

#### गैरकानूनी तरीके से डंपिंग यार्ड बनाया

प्रतिनिधिमंडल में शामिल एसोसिएशन के महासचिव सलाऊदीन कागदाना ने बताया कि प्रस्तावित व्यवसायिक सेक्टर 25 में हिसार-लुधियाना रेलवे लाइन व रायपुर रोड के बीच अज्ञात लोगों खाली पड़ी जमीन पर गैरकानूनी तरीके से एक डंपिंग यार्ड बना लिया है। इस डंपिंग यार्ड में वे लोग रात के अंधेरे में झाड़ियों की आड़ में अपना औद्योगिक प्लास्टिक व फाइबर वेस्ट, जिसमें मुख्य तौर पर फाइबर शीट, कैन्स, प्लास्टिक बैग, चप्पल शीट, फाइबर धागा आदि को डंप कर रहे हैं। आज हालात इतने भयावह हो चुके हैं, वहां कचरे के बड़े-बड़े ढ़ेर लग चुके हैं। कचरे के ये ढ़ेर और बड़े न हों और प्रशासन व आमजन की नजरों में आ सके, इसके लिए वे मौक़े का फायदा उठाकर या रात के अंधेरे में उसे जला देते हैं। इससे आस पास का वातावरण पूरी तरह से दूषित हो रहा है। इसके कारण रिहायसी क्षेत्र मुख्यतः सेक्टर 1-4, ग्लोबल स्पेशिज, सेक्टर 24, रामनगर आदि में लोगों का जीना दूभर हो गया है।